Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to review the new parameters fixed for insurance of banana crop-Laid.

श्रीमती रक्षा निखिल खाडसे (रावेर): केले फसल बीमा के लिए नये निर्धारित प्रमाण तीन साल ब्लाक के लिए है, चालू वर्ष में जलगाँव जिले से लोअर टेम्परेचर ठंड मौसम प्रमाण में एक भी गांवमंडल में लोअर टेम्परेचर रिकॉर्ड नहीं हुआ/, जबकि गर्मी के सीजन में एकमात्र भोकर महसूल मंडल ने ऊँचा (high) टेम्परेचर 45 डिग्री रिकॉर्ड किया है जिससे 32000 किसानो में से कुछ ही किसानों को किसान फसल बीमा योजना के माध्यम से राहत मिलेगी और आने वाले वर्ष में फसल बीमा के अंतर्गत जलगाँव जिले से किसानों की संख्या और कम होने की आशंका है | मई माह के आखिरी दिनों में और जून माह के पहले सप्ताह में जोरदार तूफान व बारिश से केले की फसल और तैयार केले का बड़ी मात्रा में नुकसान हुआ है| महाराष्ट्र राज्य ने आने वाले तीन साल ब्लाक फसल बीमा के लिए जो नए प्रमाण निर्धारित किये है, वे प्रमाण इस तरह से निर्धारित किये है कि पूरे जिले में से थोड़ा भी केले का फसल क्षेत्र कभी भी फसल बीमा हेतु एलिजिबल नहीं हो सकता जो कि इस वर्ष के रिकार्ड ने नेचुरली प्रस्थापित किया है । मैं सरकार से एवं कृषि मंत्री जी से निवेदन करती हूँ कि केंद्र सरकार के संबधित अधिकारी कों इस प्रस्तावित नए प्रमाण की अच्छी तरह से जाँच करने और इन नेचुरल प्राकृतिक आपदा की स्थिति में केले की तैयार फसल की लागत के लिए खर्च की हुई राशि के ज्यादा से ज्यादा नुकसान भरपाई हेतु फसल इन्श्युरन्स के माध्यम से किसानों को देने का निवेदन करती हूँ|